**दिनांक :16.05.2025** **समय : 02.10PM**

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

राजनाथ भुज दौरा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा है कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है। गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद के खिलाफ एक कडा संदेश दिया है और भारत की सैन्य शक्ति तथा तैयारियों को दर्शाया है।

टेक्सटाइल एक्सपो–इंदौर

प्रदेश में मानव निर्मित फाइबर, होम टेक्सटाइल और तकनीकी टेक्सटाइल के निर्यात की संभावनाओं को तलाशने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज इंदौर में टेक्सटाइल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 5 बजे सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य सरकार की टेक्सटाइल नीति, रणनीतियों और निर्यात को प्रोत्साहन देने वाले किये गये प्रयासों पर विशेष संबोधन देंगे।

तिरंगा यात्रा – प्रदेश

भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर में आज शाम तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

नर्मदापुरम में भी शाम 4 बजे से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रसिद्ध नर्मदा तट सेठानी घाट पहुंचेगी। यह यात्रा राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और भारतीय सेना के सम्मान को समर्पित होगी। कटनी में भी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।, इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें धन्यवाद देना है। वहीं गुना,पन्ना और खंडवा में कल भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की

भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे।_नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

मौसम

प्रदेश में नमी के साथ आ रही हवाओं से विभिन्न जिलों में बारिश का दौर बना हुआ है। आज इंदौर, उज्जैन समेत 21 जिलों में बारिश हो सकती है, जबकि भोपाल, ग्वालियर में गर्मी का असर रहेगा। मौसम विभाग ने 17 मई से उत्तरी हिस्से के जिलों में हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में

1. केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 17 और 18 मई को शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।
2. छिंदवाड़ा जिला एमेच्योर कुश्ती संघ के चार कुश्ती खिलाडियों को अंडर 17 टूर्नामेंट के लिए मध्यप्रदेश टीम में शामिल किया गया है।
3. नर्मदापुरम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कूप रिचार्ज,रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए कार्य किया जा रहा है।
4. जबलपुर में सिबिक इंडिया द्वारा फिट इंडिया ऑफ के सहयोग से 18 मई रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

-----------------------